Dainik Bhaskar (Indore), 21st August 2013, Page-6

# छह सौ करोड़ में बनेगा आईआईटी भवन

## सिमरोल में 500 एकड़ में होगा निर्माण, प्रबंधन ने बुलाए टेंडर, ढाई साल में बनाना होगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) इंदौर के नए आधुनिक भवन का काम जल्द शुरू होने के आसार हैं। सिमरोल में 500 एकड़ जमीन पर करीब 600 करोड़ रुपए से यह भवन बनेगा। इसके निर्माण के लिए आईआईटी प्रबंधन ने कॉन्ट्रेक्टर से 26 अगस्त तक आवेदन बुलाए हैं। भवन का काम ढाई साल में पूरा करना होगा। ऐसे में संभावना है कि यह भवन 2016 तक ही तैयार हो पाएगा।

2009 में आईआईटी खुलने के साथ ही इसके नए भवन की कवायद शुरू हो गई थी, लेकिन सिमरोल में जमीन और उसके अतिक्रमण को लेकर शासन से प्रबंधन का विवाद चलता रहा। बड़े हिस्से से अतिक्रमण हटाने में संस्थान को खासी मशक्कत करना पड़ी। अब यह समस्या सुलझने से निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

### सभी आईआईटी में सबसे आधुनिक

देशभर के आईआईटी की तुलना में यह परिसर बेहद आधुनिक होगा। प्रबंधन ने इसका डिजाइन भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया है।

### चार साल से किराए का भवन

संस्थान की शुरुआत किराए के भवन में हुई थी, जो मार्च 2012 तक लिया गया था। बाद में इसकी मियाद छह महीने बढ़ाई गई। फिर भी बिल्डिंग नहीं बनी तो प्रबंधन ने अवधि 2015 तक बढ़वा ली। अब इसे 2016 तक फिर बढ़ाना पड़ेगा।

### ऐसा होगा

- सबसे महत्वपूर्ण एकेडमिक ब्लॉक होगा।
- लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स के लिए अलग ब्लॉक बनेंगे।
- स्टूडेंट्स के लिए आधुनिक सुविधाओं वाला होस्टल बनेगा।
- स्टाफ के लिए क्वॉर्टर्स बनाए जाएंगे।
- रिसर्च के लिए आधुनिक लैब और नए कॉन्सेप्ट से लाइब्रेरी बनेगी।
- प्रत्येक ब्लॉक के बाहर गार्डन होगा।
- संस्थान की बसों और स्टाफ के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग।